# जलसंकट, जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती

## भारत भवन में सदानीरा समागम का शुभारंभ, जल संरक्षण और पर्यावरण पर वैश्विक चिंतन

निज संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. भारत भवन में बुधवार को सदानीरा समागम 2026 का शुभारंभ हुआ. इस सात दिवसीय आयोजन में जल, पर्यावरण, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देश-विदेश के विशेषज्ञ मंथन करेंगे. समागम में नौ देशों के राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल होकर वैश्विक सहयोग को मजबूती दे रहे हैं.**



उद्घाटन अवसर पर संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि जल संरक्षण मानवता की साझा जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन और सभ्यता की कल्पना संभव नहीं है. मध्यप्रदेश सरकार जल आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार काम कर रही है और इस तरह के आयोजन जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

प्रख्यात जलविद् राजेंद्र सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि ऋग्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथों में जल संरक्षण की वैज्ञानिक सोच निहित है. प्रकृति और पंचमहाभूतों के संतुलन के बिना मानव जीवन संभव नहीं है.

हिन्दुस्तान यूनिलिवर फाउंडेशन के सीईओ डॉ. श्रमण झा ने कहा कि जल संकट और जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं. जल संरक्षण के बिना किसी भी रणनीति को सफल नहीं बनाया जा सकता. उन्होंने वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और जनभागीदारी पर जोर दिया.

आईजीआरएमएस के डायरेक्टर डॉ. अमिताभ पांडेय ने कहा कि पानी को उत्पाद नहीं, बल्कि जीवन मूल्य के रूप में देखने की जरूरत है. वहीं आईआईएम बोधगया की डायरेक्टर डॉ. विनिता सहाय ने युवाओं से भारतीय जीवन मूल्यों और जल संरक्षण से जुड़ने का आह्वान किया.

समागम में कॉर्पोरेट सहभागिता पर भी चर्चा हुई. जेके ट्रस्ट के राम भटनागर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य और डेयरी विकास के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं. विभिन्न सत्रों में जल, पृथ्वी और वायु तत्वों पर विस्तार से चर्चा हुई, जबकि दूसरे दिन अग्नि और आकाश तत्व पर विचार रखे जाएंगे.

### गोवर्धन लीला में गूंजा श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश

सदानीरा समागम 2026 के शुभारंभ अवसर पर श्रीकृष्ण भक्ति और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला. मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रभात आर्ट्स इंटरनेशनल ने भागवत पुराण आधारित नृत्य नाटिका 'गोवर्धन लीला' की मनमोहक प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का आकर्षण ड्रोन तकनीक से आसमान में उभरता इंद्र स्वरूप रहा, जिसे लगभग 40 फीट ऊंचाई तक प्रदर्शित किया गया. वहीं मंच पर होलोग्राफिक तकनीक से गोवर्धन लीला के दृश्य दिखाए गए. प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा जल, पर्वत, वृक्ष और पशुओं की रक्षा को सच्ची भक्ति बताया गया. कार्यक्रम के पूर्व कमांडर सतीश चैम्पियन के नेतृत्व में भारतीय नौसेना बैंड की प्रस्तुति हुई. बहिरंग मंच पर गुरु मालती श्याम के निर्देशन में 'गंगा यात्रा' की प्रस्तुति हुई. नृत्य के माध्यम से गंगा अवतरण, ऋतु परिवर्तन और प्रकृति पर मानव हस्तक्षेप को दर्शाया गया. कार्यक्रम में महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे.

# ईदुज्जुहा आज : ईदगाह में सुबह 6 :30 बजे होगी मुख्य नमाज

निज संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. ईदुज्जुहा ( बकरीद ) का त्यौहार गुरुवार को मनाया जाएगा. मुस्लिम धर्मगुरु और नायब काजी-ए-शहर मुफ्ती अबुल कदर हुसैनी ने नवभारत से बातचीत में बताया कि मुख्य नमाज़ ईदगाह में सुबह 6:30 बजे अदा की जाएगी. इसके अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी नमाज़ अदा की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग आसानी से नमाज़ पढ़ सकें.**



उन्होंने बताया कि ईदगाह में लगभग एक लाख लोगों के विशेष नमाज में उपस्थित होने को देखते हुए प्रशासन व आयोजकों ने विशेष इंतजाम किए हैं. भीड़ प्रबंधन के लिए भोपाल इज्तिमा से जुड़े करीब 20 हजार वॉलंटियर्स को जिम्मेदारी दी गई है. इनमें से प्रशिक्षित युवाओं को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है. मुफ्ती हुसैनी ने लोगों से अपील की है कि वे समय पर नमाज़ स्थल पर पहुंचें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें. सभी लोग मिल-जुलकर इस त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं.

## भोज मुक्त विश्वविद्यालय में बैठक आज

**भोपाल, 27 मई. ( नवभारत न्यूज ).** भारतीय भाषा पुस्तक समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा पुस्तक योजना की राज्य स्तरीय प्रारंभिक स्तर की बैठक भोज मुक्त विश्वविद्यालय में गुरुवार को होगी. भोज मुक्त विवि के निदेशक डॉ. रतन सूर्यवंशी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य भारतीय भाषा पुस्तक योजना के अंतर्गत विभिन्न भारतीय भाषाओं में पुस्तक लेखन का जो कार्य राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है. उसमें मध्य प्रदेश में राज्य स्तरीय हिंदी भाषा में विभिन्न विषयों में पुस्तक लेखन के लिए विषय विशेषज्ञों और विद्वानों को चिन्हित करना है.

## एक नजर में




### सिद्धि एकेडमी ने सेज को तीन विकेट से हराया

**भोपाल 27 मई. (खेल प्रतिनिधि).** प्रसून सारंग स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में सिद्धि क्रिकेट एकेडमी ने रोमांचक जीत दर्ज की, वहीं दूसरे मुकाबले में ऐस क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की. पहले मुकाबले में सिद्धि क्रिकेट एकेडमी (रायसेन) ने सेज अभय गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी को 3 विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सेज अभय गोस्वामी क्रिकेट एकेडमी ने 30 ओवर में 199 रन बनाए. 200 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिद्धि क्रिकेट एकेडमी ने 20 .3 ओवर में मैच जीत लिया. दूसरे मुकाबले में ऐस क्रिकेट एकेडमी ने क्रिककिंगडम को हराया. मैच में अरसलान हमजा ने शानदार हैट्रिक लेकर मुकाबले को एकतरफा बना दिया. उन्होंने 3 विकेट झटके. बल्लेबाजी में खुशवंत ने 66 रन की शानदार पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया. खुशवंत को उनके शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया.

### ब्लाइंड फुटबॉल प्रीमियर के लिए तैयारियां तेज

**भोपाल 27 मई. (खेल प्रतिनिधि).** गुजरात के अहमदाबाद में जून के चौथे सप्ताह में होने वाली द्वितीय ब्लाइंड फुटबॉल प्रीमियर लीग के लिए मध्य प्रदेश टाइगर्स की महिला और पुरुष टीमों ने तैयारियां तेज कर दी हैं. इंडियन ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन (आईबीएफएफ) के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में पिछले साल की तरह इस बार भी मध्य प्रदेश की दोनों टीमें हिस्सा लेंगी. मैदान पर इन दिनों खिलाड़ियों का जोश देखने लायक है. सुबह और शाम लगातार अभ्यास सत्र चल रहे हैं. खिलाड़ी फिटनेस, पासिंग और टीम तालमेल पर खास मेहनत कर रहे हैं. पिछले साल पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था. इस बार टीम उससे बेहतर प्रदर्शन के इरादे से मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है. मध्य प्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन के सचिव मोहम्मद शाहिद ने बताया कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों का चयन पूरा हो चुका है. जून के दूसरे सप्ताह में इंदौर में विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा, जहां खिलाड़ी

### वीएस अकादमी ने कनारा को 199 रन से हराया

**भोपाल 27 मई. (खेल प्रतिनिधि).** एचएमजी कप 2026 इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को वी एस अकादमी ने कनारा क्रिकेट क्लब को 199 रन से हराया. डीपीएस क्रिकेट मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में अभिषेक यादव ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन कर मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वी एस अकादमी की शुरुआत संभली हुई रही, इसके बाद अभिषेक यादव ने चौकों-छक्कों की बारिश कर दी. उन्होंने 162 रन की बड़ी पारी खेली. वी एस अकादमी ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 304 रन का स्कोर खड़ा किया. 305 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कनारा क्रिकेट क्लब की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई. टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और पूरी टीम 34 .2 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट हो गई. नीरव मेहर ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए. वी एस अकादमी की ओर से गेंदबाजी में अभिषेक यादव, प्रियांश लोधी, वंश बाथम और प्रीतम पाटिल ने 2-2 विकेट हासिल किए. शानदार 162 रन की पारी खेलने वाले अभिषेक यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया. टूर्नामेंट में गुरुवार सुबह 8 बजे भोपाल लेपर्ड्स और नायर क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला खेला जाएगा.

# एमपी लीग के लिए सभी टीमों की जर्सी लांच

- इंदौर में होगा टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 27 मई. मध्य प्रदेश लीग ( एमपीएल ) 2026 के नए सीजन का रंग अब पूरी तरह चढ़ने लगा है. इंदौर में होने वाले इस बड़े टी-20 टूर्नामेंट से पहले सभी टीमों की नई जर्सी लांच की गई. इस बार एमपीएल का चौथा सीजन 3 जून से 26 जून तक इंदौर में खेला जाएगा. टूर्नामेंट में इस बार 10 पुरुष और 5 महिला टीमें हिस्सा लेंगी.**





मुकाबले होलकर स्टेडियम और डेली कॉलेज मैदान पर खेले जाएंगे. लीग के विस्तार के बाद इस बार प्रतियोगिता पहले से ज्यादा बड़ी और रोमांचक मानी जा रही है. जर्सी लॉन्च कार्यक्रम में सभी टीमों ने अपने नए रंग और नई पहचान के साथ मंच पर एंट्री की. हर टीम की जर्सी में उसके शहर की पहचान, ऊर्जा और खेल भावना की झलक दिखाई दी. खिलाड़ियों ने भी नए सीजन को लेकर पूरा भरोसा जताया और कहा कि इस बार मुकाबले और ज्यादा कड़े होंगे. पिछले सीजन की सफलता के बाद इस बार भी

> मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानार्यमन सिंधिया ने कहा कि एमपीएल अब सिर्फ एक क्रिकेट लीग नहीं रही, बल्कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच बन चुकी है. उन्होंने कहा कि इस लीग ने कई नए खिलाड़ियों को पहचान दिलाई है और आने वाले समय में यह प्रतियोगिता प्रदेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी.



# बैले 'वंदेमातरम्' वर्कशॉप का समापन

निज संवाददाता

**भोपाल, 27 मई.** चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित 'बैले-वंदेमातरम् वर्कशॉप' का समापन कार्यक्रम बुधवार शाम 6:30 बजे उत्कल भवन, बारह दफ्तर के सामने, जवाहर चौक में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत 'पद्मरंग नृत्य अकादमी' के कलाकारों की प्रस्तुति से हुई. इदिका देवेंद्र, ऐश्वर्या निगम और ऐशा मित्रा ने 'वंदेमातरम्' गीत पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया. उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और देशभक्ति का भाव जगाया. इसके बाद वर्कशॉप में तैयार किए गए बैले 'वंदेमातरम्' का मंचन किया गया. इस प्रस्तुति में कुल 17 कलाकारों ने भाग लिया. इस बैले की पटकथा अनु अग्निहोत्री ने तैयार की. संगीत निर्देशन धर्मेश-श्रुति द्वारा किया गया. कोरियोग्राफी श्रद्धा शालिनी मालवीय ने संभाली. वहीं परिकल्पना, निर्देशन और बैले मूवमेंट्स का प्रशिक्षण डॉ. श्रुति कीर्ति बारिक ने दिया.

# अरेरा और नायर अकादमी सेमीफाइनल में

- द्वितीय चार साहिबज़ादे क्रिकेट टूर्नामेंट

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 27 मई. द्वितीय चार साहिबज़ादे क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में बुधवार को रोमांचक खेल देखने को मिला. अरेरा क्रिकेट अकादमी और नायर क्रिकेट अकादमी ने शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई. पहले क्वार्टर फाइनल में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने अंकुर क्रिकेट अकादमी को 37 रन से हराया.**




टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अरेरा ने निर्धारित ओवरों में 144 रन बनाए. शुरुआत में इरानवीर और गुरप्रीत ने टीम को संभाला, फिर विराज ने शानदार शॉट्स लगाते हुए 58 रन की अहम पारी खेली. सुधांशु ने 19 रन जोड़े. अंकुर अकादमी की ओर से प्रयाग ने 3 और मोहित ने 2 विकेट लिए. 145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंकुर अकादमी की टीम शुरुआत से दबाव में रही. वत्सल ने 32 और सुहान ने 17 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम 107 रन पर सिमट गई. अरेरा की ओर से आदित्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि विराज चतुर्वेदी ने 3 विकेट लिए. ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया. दूसरे क्वार्टर फाइनल में नायर क्रिकेट अकादमी ने रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी को 34 रन से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए नायर अकादमी ने 140 रन बनाए. प्रखर ने 21 और अंकुश ने 19 रन का योगदान दिया. जवाब में रेलवे गर्वित की टीम सिर्फ 106 रन ही बना सकी. आरव मरान ने 25 रन बनाए. नायर की ओर से अंकुश ने 4 और ऋषि शर्मा ने 3 विकेट लिए. अंकुश को उनके बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच चुना गया.



# दक्षिण-पश्चिम विस क्षेत्र में 3 स्थानों पर भूमिपूजन

- 87 लाख की लागत से होंगे विभिन्न विकास कार्य

**भोपाल, 27 मई. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को विधायक भगवानदास सबनानी ने तीन स्थानों पर भूमिपूजन किया.**

वार्ड 47 के बंगाली मोहल्ले में 32 लाख 50 हजार की लागत से बाउंड्री बाल फ्लोरिंग एवं जीआई शेड निर्माण कार्य, वार्ड 33 के भीम नगर में 24 लाख 80 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं नेहरू नगर स्थित कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में 30 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन के अवसर पर महापौर मालती राय उपस्थित रहीं. इस अवसर पर विधायक सबनानी ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है. भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल, पार्षद गिरजा राजेश खटीक, मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगैया, सोनू पालीवाल, पूर्व पार्षद राजेश खटीक, आशुतोष तिवारी, राजेंद्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.



# पद्मिनी एकादशी पर दादाजी धाम मंदिर में हुआ श्री हरि विष्णु पूजन

**भोपाल, 27 मई.** दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में अधिकमास की पद्मिनी एकादशी पर भगवान श्री हरि विष्णु, श्री विठ्ठल भगवान एवं दादाजी गुरुदेव का विशेष पूजन-अर्चन, पुष्प श्रृंगार, सामूहिक विष्णु सहस्रनाम पाठ, भजन-कीर्तन एवं आरती हुई. श्रद्धालुओं ने एकादशी व्रत रखकर सुख-समृद्धि, परिवार कल्याण एवं आध्यात्मिक उन्नति की कामना की. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पद्मिनी एकादशी अधिकमास में आने वाली अत्यंत दुर्लभ एवं पुण्यदायी एकादशी मानी जाती है, जिसका व्रत एवं पूजन विशेष फलदायी माना गया है.

**वर्कशॉप का समापन** | दंगों और नफरत पर आधारित नाटक 'राख' का मंचन

# नफरत शहरों को नहीं, इंसानियत को भी राख में बदल देती है

निज संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. कीर्ति बैले एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा आयोजित एक्टिंग-कंटेम्परेरी वर्कशॉप के समापन अवसर पर नाटक 'राख' का मंचन किया गया. यह प्रस्तुति बुधवार को शाम 8 बजे उत्कल भवन, जवाहर चौक, भोपाल में आयोजित हुई. नाटक ने दंगों, नफरत और इंसान के भीतर चल रहे मानसिक संघर्ष को बेहद संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत कर दर्शकों को भावुक कर दिया.**



नाटक की कहानी एक ऐसे शहर पर आधारित रही, जो हिंसा और भय की आग में जल रहा है. कहानी में एक मां अपनी खोई हुई बेटी को तलाशती नजर आती है, वहीं अन्य किरदार अपने डर, अपराधबोध और सच्चाई से जूझते दिखाई देते हैं. नाटक ने यह संदेश दिया कि नफरत केवल शहरों को नहीं, बल्कि इंसानियत को भी राख में बदल देती है.

> श्रद्धा शालिनी मालवीय के निर्देशन में नाटक का मंचन किया गया. अंकिता डे ने पीड़ित बच्ची की भूमिका निभाकर दर्शकों को भावुक किया. कुणाल पुरोहित ने न्यूज एडिटर के किरदार के माध्यम से मीडिया और समाज की सच्चाई को सामने रखा. करण जायसवाल ने 'राघव' की भूमिका में दमदार अभिनय कर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया. नाटक के अंत में दर्शकों के सामने यह सवाल छोड़ा कि समाज में फैल रही नफरत की आग को आखिर कौन बुझाएगा.

# मालती ने आयरलैंड में प्रस्तुत किया शोध

- एम्स भोपाल की पीएचडी शोधार्थी हैं मालती दधीच
- एएनआरएफ ने इंटरनेशनल ट्रैवल ग्रांट प्रदान किया

**भोपाल, 27 मई. एम्स भोपाल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पीएचडी शोधार्थी मालती दधीच ने डबलिन, आयरलैंड में आयोजित यूरोपियन मेलियोइडोसिस कांग्रेस 2026 में अपना शोध प्रस्तुत किया. उन्हें इस शोध प्रस्तुति के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन ( एएनआरएफ ), भारत सरकार द्वारा 'इंटरनेशनल ट्रैवल ग्रांट' प्रदान किया गया.**



यह शोध डॉ. आयुष गुप्ता, अतिरिक्त प्रोफेसर, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है. शोध में मेलियोइडोसिस नामक गंभीर बैक्टीरियल संक्रमण के क्लीनिकल,एपिडेमियोलॉजिकल और जीनोमिक विश्लेषण का अध्ययन किया गया. अध्ययन से मध्य भारत में मेलियोइडोसिस रोग की उपस्थिति और प्रसार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है, जहां इस बीमारी के प्रति जागरुकता अभी सीमित है.